बिहार सरकार

परिवहन विभाग

पत्रांक– 4460

प्रेषक,

सचिव,
परिवहन विभाग, बिहार, पटना ।

सेवा में,

सभी जिलाधिकारी,
सभी वरीय पुलिस अधीक्षक/सभी पुलिस अधीक्षक,
बिहार।

पटना, दिनांक– 5-6-2020

विषयः– **COVID-19 के दृष्टिगत भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा लागू अनलॉक–1 के क्रम में रात्रि कर्फ्यू की अवधि में सार्वजनिक परिवहन के परिचालन के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि भारत सरकार, गृह मंत्रालय के द्वारा COVID-19 के क्रम में लागू अनलॉक–1 के क्रियान्वयन हेतु पत्रांक–40–03/2020–DM–I (A), दिनांक–30.05.2020 द्वारा जारी दिशा–निर्देश की कंडिका–3 के अनुसार 09:00 PM से प्रातः 05:00 AM तक रात्रि कर्फ्यू (night curfew) लागू हैं साथ ही दिशा–निर्देश की कंडिका 6 (i) के आलोक में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था बहाल है।

उक्त क्रम में मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक–02.06.2020 को आयोजित आपातकालीन प्रबंधन समूह (CMG) की बैठक में निम्न निर्णय लिए गएः–

"कर्फ्यू की उपर्युक्त अवधि में बसों आदि का परिचालन प्रथम प्रस्थान बिन्दु से प्रारम्भ नहीं किया जायेगा, परन्तु उक्त अवधि में बसें अपने गंतव्य स्थल या बीच के स्टैंड तक आ सकेंगी। साथ ही टैक्सी, ऑटो–रिक्शा, प्राईवेट कार से रात्रि 09:00 बजे से प्रातः 05:00 बजे तक की अवधि में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं एयरपोर्ट पर जाने एवं आने की छूट होगी। सभी यात्रियों को अपने साथ I-Card तथा टिकट रखना अनिवार्य होगा।"

अनुरोध है कि उपरोक्त के आलोक में आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

Sd/- 5/6

सचिव,
परिवहन विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 4460 पटना, दिनांक– 5-6-2020

प्रतिलिपि– सभी संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, बिहार/सभी जिला परिवहन पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 5/6/2020

Sd/- 5/6

सचिव,
परिवहन विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 4460 पटना, दिनांक– 5-6-20

**प्रतिलिपि–** सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी पुलिस महानिरीक्षक/सभी पुलिस उप महानिरीक्षक, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि–** प्रधान सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि–** मुख्य सचिव, बिहार/पुलिस महानिदेशक, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव,
परिवहन विभाग, बिहार, पटना।

C:\Users\acer\Desktop\Covid-19\Jt. Secv.docx